PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

**Business Bhaskar, Faridabad**
**Wednesday 29th January 2014, Page: 5**
**Width: 13.55 cms, Height: 6.22 cms, a4, Ref: pmin.2014-01-29.50.62**

DIA (NR)

24.2.14

# रैनबैक्सी के शेयरों में लौटी लिवाली

रॉयटर्स ▸ मुंबई...

अमेरिकी हेल्थ रेगुलेटर यूएसएफडीए द्वारा कंपनी की चौथी यूनिट पर भी प्रतिबंध लगाए जाने से अग्रणी फार्मा कंपनी रैनबैक्सी लैबोरेट्रीज के शेयरों में जारी तेज गिरावट का रुख मंगलवार को थमता नजर आया। बांबे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर मंगलवार को कंपनी के शेयर का भाव 310.25 रुपये पर खुला और शाम को सोमवार की तुलना में 2.39 फीसदी की अच्छी मजबूती के साथ 317.65 रुपये पर बंद हुआ। बाजार बंद होते समय कंपनी का पूंजीकरण 13,461 करोड़ रुपये पर दर्ज किया गया।

यूएसएफडीए द्वारा कंपनी की पंजाब स्थित यूनिट से अमेरिका में दवाओं के निर्यात पर प्रतिबंध लगाए जाने की खबरों के बाद से रैनबैक्सी के शेयरों में भारी गिरावट देखी जा रही थी। शुक्रवार व सोमवार के दो सत्रों में कंपनी के शेयर का भाव 26 फीसदी टूट गया था। लेकिन, मंगलवार को इसके शेयरों में वैल्यूएशन के आधार पर लिवाली देखी गई। केजेएमसी कैपिटल मार्केट्स के इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज प्रमुख सुरेश परमार के मुताबिक, वैल्यूएशन के हिसाब से यह शेयर मौजूदा स्तरों पर अच्छा दिख रहा है। इसमें काफी गिरावट देखी जा चुकी है और मुझे नहीं लगता कि यह शेयर 300 रुपये से नीचे जा सकता है।

TD, NIC

7-2-13

CO